विक्टोरिया की गवर्नर द्वारा आयोजित मध्याह्न राजभोज पर भारत के राष्ट्रपति, श्री राम नाथ कोविन्द द्वारा सम्बोधन

मेलबर्न, 23 नवम्बर, 2018

1. आपके द्वारा किये गए भावपूर्ण स्वागत के लिए मैं आपका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। मैं आपके द्वारा किये गए शालीन अतिथि सत्कार के लिए भी आपका और श्री होवार्ड को धन्यवाद देता हूँ। आपके महान देश की यात्रा पर आना मेरे लिए सम्मान की बात है।
2. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बहुत ही गर्मजोशी भरे, सौहार्दपूर्ण और बहुआयामी रिश्ते हैं। हमारी रणनीतिक साझेदारी से हमारे संबंधों को नई गति मिली है। हमारे बीच साझे ऐतिहासिक अनुभव, लोगों के बीच परस्पर मजबूत सम्बन्ध और गहरी आर्थिक सहभागिता है। इन सब के द्वारा हम मित्र और साझेदार के रूप में और करीब आए हैं।
3. भारत के विक्टोरिया के साथ विशेष संबंध हैं। एक बड़ा भारतीय समुदाय मेलबर्न में निवास करता है। और भारत के बाहर, भारतीयों का पसंदीदा क्रिकेट ग्राउंड भी मेलबर्न में है! हमें ख़ुशी है कि प्रवासी भारतीय समुदाय विक्टोरियन समाज और अर्थ-व्यवस्था में सकारात्मक योगदान कर रहा है।
4. हम इस बात से उत्साहित हैं कि विक्टोरिया सरकार ने नव-व्यवसाय और शिक्षा नेटवर्क स्थापित करने के अपने अभियान में भारत को आगे रखा है। बैंगलोर से ब्रिसबेन तक, और मुंबई से मेलबर्न तक, हमारे सामने अवसरों का भरा-पूरा संसार है। आइये साथ मिलकर निवेश और नवाचार करें तथा डिजिटल अर्थ-व्यवस्था की नई इबारत और चौथी औद्योगिक क्रांति के लिए प्रौद्योगिकी की नई दास्तां लिखें। हमारे युवाओं के मन में इच्छाशक्ति तथा अधिक सतत, न्यायसंगत एवं खुशहाल दुनिया का विकल्प उपलब्ध कराने की शक्ति है। वे भारत-ऑस्ट्रेलिया की साझेदारी के लिए बेहतर कल की संभावनाएं जगाते हैं। आइए, इस लक्ष्य को साकार करने की दिशा में काम करें।
5. इन्हीं आशावादी विचारों के साथ, मैं, अपने माननीय और विशिष्ट अतिथियों से अनुरोध करता हूं कि वे:

- माननीया गवर्नर और श्री एन्थोनी होवार्ड के बेहतर स्वास्थ्य की;
- ऑस्ट्रेलिया के लोगों की खुशहाली और समृद्धि की, और
- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चिरस्थायी मैत्री की कामना करें।

धन्यवाद!